देवभूमि हिमालयन सुपर 30 ट्रस्ट की वेबसाइट का वर्चुअली लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

27 अगस्त, 2021 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में **देवभूमि हिमालयन सुपर 30 ट्रस्ट की वेबसाइट https\\www.himalayansuper30.in\ का वर्चुअली लोकार्पण** किया।

प्रमुख बिंदु

- सुपर 30 के माध्यम से राज्य के साधनहीन गरीब छात्रों को आवास, भोजन, कोचिंग आदि की निःशुल्क व्यवस्था कर उन्हें **आई.आई.टी**. के लिये तैयार करने का प्रयास किया जाएगा। इससे छात्रों को उनकी सफलता की मंजिल तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।
- उल्लेखनीय है कि राज्य के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की शैक्षिक क्षमता के अनुसार उन्हें तकनीकी शिक्षा के उच्च संस्थानों में प्रवेश हेतु तैयारी के लिये दिसंबर 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के दिशा-निर्देशन में ज़िला प्रशासन अल्मोड़ा द्वारा अल्मोड़ा में प्रदेश के पहले **द सुपर-30 हिमालयन एजुकेशनल ट्रस्ट**’ का गठन किया गया था।
- इसमें प्रदेश के सभी विद्यालयों के 10वीं कक्षा की परीक्षा में मैरिट में रहने वाले चार से पाँच छात्रों को प्रदेशस्तरीय प्रवेश परीक्षा के लिये चुना जाएगा। चुने गए छात्रों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर टॉप 30 छात्रों को इस संस्थान में प्रवेश दिया जाएगा।
- इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य राज्य के **गरीब प्रतिभावान बच्चों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण दिया** जाना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/website-of-devbhoomi-himalayan-super-30-trust